## संपादकीय

# मतदाताओं का मन

लोकसभा चुनाव का रंग गहरा रहा है। विभिन्न पार्टियों ने अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं और धीरे-धीरे प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। सभी उम्मीदवारों को एसोसिएशन फॉर डेमो ेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से किए गए मतदाता सर्वेक्षण के नतीजों पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। एडीआर ने अपने सर्वे की रिपोर्ट पिछले ही दिनों जारी की है। इसका महत्व इस बात से कम नहीं हो जाता कि यह सर्वेक्षण पुलवामा हमले और एयर स्ट्राइक के पहले किया गया था। संभव है कुछ वोटरों की सोच इन घटनाओं से भी प्रभावित हुई हो और उनकी राय बदल गई हो, लेकिन मोटे तौर पर इससे यह अनुमान मिलता है कि हमारे देश के लोग अपने जन प्रतिनिधियों से क्या अपेक्षाएं रखते हैं। सर्वे में मतदाताओं के लिए 31 बिंदुओं को सूचीबद्ध किया गया था, जिसमें पीने का पानी, बिजली, सड़क, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सर्वाजनिक परिवहन जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसमें में मतदाताओं को अपनी पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर राय देनी थी। इसके साथ-साथ इन कसौटियों पर वर्तमान सरकार के प्रदर्शन को भी परखना था।

दरअसल, इस सर्वे का मकसद शासन के विशिष्ट मुद्दों पर मतदाताओं की प्राथमिकता, उन मुद्दों पर मतदाताओं की सरकार के प्रदर्शन पर रेटिंग और मतदाताओं को प्रभावित करने वाले तत्वों का पता लगाना था। सर्वेक्षण से उभर कर आया कि पूरे भारत में नौकरी के बेहतर अवसर, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पेयजल मतदाताओं की शीर्ष प्राथमिकताएं हैं। नौकरी के बेहतर अवसर 46.80 प्रतिशत, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं 34.60 प्रतिशत और पेयजल 30.50 प्रतिशत मतदाताओं की शीर्ष तीन प्राथमिकताएं हैं। इसके बाद चौथे और पांचवें स्थान पर मशः बेहतर सड़कें 28.34 प्रतिशत और बेहतर सार्वजनिक परिवहन 27.35 प्रतिशत लोगों की प्राथमिकता है। मतदाताओं की प्राथमिकता वाले सभी 10 क्षेत्रों में सरकार की रेटिंग औसत से नीचे है। गौरतलब है कि बेहतर रोजगार के अवसर को 2017 में 30 प्रतिशत लोगों ने अपनी प्राथमिकता बताया था, लेकिन 2018 में 47 प्रतिशत लोगों ने इसे प्राथमिकता बताया। इसी दौरान इस मुद्दे पर सरकार का प्रदर्शन पांच के पैमाने पर 3.17 से गिरकर 2.15 हो गया। यह इस बात का संकेत है कि रोजगार की समस्या बढ़ी है और यह इस बार एक अहम मुद्दा बनेगी।

जो भी दल नौकरियों के मामले में युवाओं को ठीक से आश्वस्त कर पाएगा, उसे बेरोजगारों के वोट ज्यादा संख्या में मिल सकते हैं। दरअसल राष्ट्रीय पार्टियां व्यापक सवाल उठाती हैं, लेकिन रोजमर्रा से जुड़े छोटे-मोटे मुद्दों पर वे ज्यादा फोकस नहीं करतीं। बेहतर होगा कि क्षेत्रीय दल इन मुद्दों को बिल्कुल स्थानीय संदर्भ में उठाएं। अगर वे इस तरह के मुद्दों को बार-बार उठाएंगे तो नैशनल पार्टियों पर भी इसका दबाव बनेगा। बहरहाल सर्वे का एक संकेत यह भी है कि देश के मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा जाति-धर्म और दूसरे भावनात्मक मुद्दों से बाहर आ रहा है। समय रहते इस बात को सभी पार्टियां समझ लें तो बेहतर होगा।

# पीएफ जाने अकाउंट में कितने हैं पैसे, करें मिनटों में बैलेंस चेक



नई दिल्ली आप जहां नौकरी करते हैं तो हर महीने आपकी सैलरी से PF का पैसा कटता है जो EPFO में जमा होता है. PF में आपकी सैलरी से कम से कम 12 फीसदी योगदान होता है. 12 फीसदी कंपनी की तरफ से दिया जाता है. कंपनी जो योगदान देती है उसमें 8.33 फीसदी पेंशन योजना में जाता है और बाकी 3.67 फीसदी EPF में डाला जाता है. आप सालों साल तक नौकरी करते हैं और आपकी सैलरी से हर महीने यह हिस्सा कटते जाता है. ऐसे में अगर आप यह जानना चाहते हैं कि आपके PF अकाउंट पर कितने रुपये जमा हुए हैं तो इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे घर बैठे ऑनलाइन इसकी जानकारी ले सकते हैं.

इसके लिए आपको कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की आधिकारिक वेबसाइट https:// www. epfindia. gov. in पर जाना होगा. यहां आप ऑनलाइन चेक कर सकते हैं.

1. वेबसाइट खुलने पर ई-पासबुक पर क्लिक करना है.

2. यहां आपसे UAN नंबर समेत अन्य जानकारियां मांगी जाएगी. जानकारी भरने के बाद एक नई पेज खुलेगी.

3. इस पेज पर जाने के बाद आप अपना ई-पासबुक चेक कर सकते हैं. यहां आप देख पाएंगे कि कितना बैलेंस है.

इसके लिए मोबाइल एप भी बनाया गया है जिसका नाम UMANG है. इस ऐप को डाउनलोड करने के बाद कुछ जानकारी भरनी होगी और आपको अपना बैलेंस पता चल जाएगा.

## आईडीबीआई बैंक ने विभिन्न 500 पदों के लिए भर्तियां निकाली, असिस्टेंट मैनेजर बनने के लिए ऐसे करें एप्लाई




नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक ने विभिन्न 500 पदों के लिए भर्तियां निकाली हैं. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 51 फीसदी शेयरों की स्वायतता ग्रहण करने के बाद आईडीबीआई बैंक ने ये बंपर भर्तियां निकाली हैं. इनमें ज्यादातर पद सहायक प्रबंधक के लिए हैं. इन पदों के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं और योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए 17 मई को ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा.

**असिस्टेंट मैनेजर भर्ती परीक्षा**

आईडीबीआई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल, 2019 है और इसी दिन तक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन फीस जमा की जा सकेगी. टेंटेटिव ऑनलाइन परीक्षा की तारीख 17 मई तय की गई है.

**500 पदों के लिए करें आवेदन**

आईडीबीआई बैंक ने असिस्टेंट मैनेजर के कुल 500 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं. इन 500 पदों में से 228 पद सामान्य वर्ग के लिए हैं. एससी वर्ग के लिए 75, एसटी वर्ग के लिए 37 तथा ओबीसी वर्ग के लिए 135 पद आरक्षित हैं. 25 पद ईडब्ल्यूएस कोटे के लिए और 5-5 पद पीडब्ल्यूडी (वीएस), पीडब्ल्यूडी (ओएस) और पीडब्ल्यूडी (एचएस) कोटे के लिए सुरक्षित रखे गए हैं.

## 2019 रेनॉ कैप्टर ज़्यादा सेफ्टी फीचर्स के साथ लॉन्च



नई दिल्ली। रेनॉ इंडिया ने कैप्टर कॉम्पैक्ट SUV को कई सारे अपडेटेड सेफ्टी फीचर्स के साथ भारत में लॉन्च किया है जिसकी दिल्ली में शुरुआती एक्सशोरूम कीमत 9.50 लाख रुपए है. रेनॉ की यह कॉम्पैक्ट SUV अब नए सेफ्टी नॉर्म्स के हिसाब से उपयुक्त हो गई है और कैप्टर को कई नई एक्टिव और पेसिव तकनीक सामान्य तौर पर दी गई हैं. इसके अलावा रेनॉ इंडिया ने 2019 कैप्टर की RXL और RXT ट्रिम को भारत में बेचना बंद कर दिया है. अब देश में यह SUV दो वेरिएंट्स RXE और टॉप मॉडल प्लैटिन में उपलब्ध है जो पेट्रोल और डीजल विकल्प में आती है.

## कुरैन की हैट्रिक, पंजाब ने दिल्ली को दी शिकस्त



मोहाली (आरएनएस)। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम कुरैन ने अहम समय पर हैट्रिक लगा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण में पंजाब क्रिकेट संघ आई.एस. बिंद्रा स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच में किंग्स इलेवन पंजाब को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 14 रनों से रोमांचक जीत दिलाई।

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए थे, लेकिन दिल्ली मजबूत स्थिति के बाद भी अंतिम ओवरों में बिखर गई और 19.2 ओवरों में 152 रन ही बना सकी। कुरैन ने कुल चार विकेट लिए जिसमें हैट्रिक शामिल है। उन्होंने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर हर्षल पटेल (0) को आउट किया और फिर 20वें ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर कागिसो रबाडा और संदीप लमिछाने के विकेट ले अपनी हैट्रिक पूरी की।

ऋषभ पंत (39) और कॉलिन इनग्राम (38) जब तक मैदान पर थे दिल्ली की जीत पक्की लग रही थी, लेकिन मोहम्मद शमी ने पंत और फिर कुरैन ने अगले ओवर में दो विकेट ले दिल्ली से जीत छीन ली। दिल्ली को शुरुआत तो अच्छी नहीं मिली। पंजाब के कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने पारी की पहली ही गेंद पर युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को आउट कर दिया। दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर (28) और शिखर धवन (30) ने दूसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की।

## पंजाब ने हमें सभी विभागों में मात दी : अय्यर

मोहाली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के एक मैच में किंग्स इलेवन पंजाब से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विपक्षी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया।

पंजाब ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम कुरैन की हैट्रिक के दम पर यहां पंजाब क्रिकेट संघ आई.एस. बिंद्रा स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच में को दिल्ली कैपिटल्स को 14 रनों से हरा दिया। अय्यर ने मैच खत्म होने के बाद कहा, सच में बहुत निराश हूं। टीम लक्ष्य के करीब थी और हर बॉल पर एक रन ही चाहिए था। जीत के करीब आकर हार जाने से और निराशाजनक क्या हो सकता है। हमने समझदारी से नहीं खेला और पंजाब ने हर विभाग में हमसे बेहतर प्रदर्शन किया।

## पाकिस्तान की वजह से एयर इंडिया को हर रोज हो रहा 5 करोड़ का नुकसान



नई दिल्ली। आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में हुए एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान ने अपने वायु क्षेत्र में भारत के विमानों के दाखिल होने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है. इस प्रतिबंध के चलते यूरोप और अमेरिका की उड़ानों के लिए देश के विमानों को काफी लम्बा चक्कर लगाना पड़ रहा है. गौरतलब है कि एयर इंडिया कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करती है. इस प्रतिबंध के चलते एयर इंडिया के विमानों को अधिक लम्बा चक्कर लगाने से तेल की अधिक खपत हो रही है जिससे कपंनी को रोज लगभग पांच करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है.

**एयर इंडिया को हो रहा नुकसान**

दरअसल अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के क्षेत्र में एयर इंडिया के पास काफी बड़ा हिस्सा है. कई ऐसे गंतव्य भी हैं जहां सिर्फ एयर इंडिया के विमान ही जाते हैं.

## आज का राशिफल

मेषः यदि आप समय के अनुसार चल रहे हैं तो जरूरत के मुताबिक यह भी महसूस कर रहे हैं कि आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना है तो आप इस मामले में अकेले पड़ सकते हैं। जब भी आपको छोटी मोटी रकम या सहायता की जरूरत होगी तो आपको इन्हीं लोगों का भरोसा करना होगा जो आप आपके विरूद्ध चल रहे हैं।

वृषभः आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर सकते हैं। एक साथ कई तरह के काम लेने से बचें। ऐसा न करने पर कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुनः आज का दिन आर्थिक रूप से मिला-जुला रहेगा। आप कोशिश करें कि व्यर्थ की भागदौड़ में पैसे खर्च करने से बचें। कार्य संबंधी यात्रा में आपको सुखद परिणाम मिलने के योग हैं।

कर्कः आज के दिन आपको अपने काम के संबंध में कई जगहों पर जाना पड़ सकता है। यह यात्रा आर्थिक दृष्टिकोण से आपके लिए सुखद साबित होगी। आज के दिन आप अपने काम को भी विस्तार देंगे।

सिंहः आज के दिन आपको व्यवसाय और नौकरी में अधिक परिश्रम करने की सलाह है। इसके अलावा आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। अपने कार्य पर फोकस्ड रहें, लाभ होगा।

कन्याः आज आपको कार्य में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा कार्य संबंधी यात्रा करने के भी योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा।

तुलाः आज के दिन आपको किसी अन्य द्वारा लिए गए कर्जे को चुकाना पड़ सकता है। इसके अलावा यदि आपने भी किसी से उधार लिया है तो कोशिश करें कि उसे भी अतिशीघ्र चुका दें।

वृश्चिकः आज के दिन आपको व्यापार में लेन-देन संबंधी सर्तकता बरतने की जरूरत है। इसके अलावा आकस्मिक लाभ की भी संभावना है।

धनुः आज के दिन व्यापार या नौकरी संबंधी यात्रा करनी पड़ सकती है। लाभ मिलने के योग हैं। आज आर्थिक रूप से आपको कम मेहनत पर अधिक लाभ मिलने के आसार हैं।

मकरः आज के दिन आपके लिए शुभ है। आपको नौकरी में पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा व्यापार में हैं तो आज आपके लिए अवसरों के नए द्वार खुलेंगे।

कुंभः आज के दिन व्यापार में लेन-देन में सोच-समझकर निर्णय लें। कोई नया कार्य शुरू करना चाहते हैं तो ईश्वर का नाम याद करके शुरू करें, लाभ मिलेगा।

मीनः बुध ग्रह की सहायता से आज आपके कार्यक्षेत्र में ख्याति और यश मिलेगा। आज के दिन किया हुआ कोई भी कार्य आपको सफलता दिलाएगा।

# 6 अप्रैल से शुरू हैं नवरात्रि, जानें पूजा का शुभ मुहूर्त एवं महत्व



इस साल 6 अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू होने जा रहे हैं. हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र मास में साल का नया वर्ष होता है. चैत्र नवरात्रि इस बार 6 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक रहेगी. इन नौ दिनों मे मां दुर्गा के नौ रुपों की पूजा की जाती है. इस बार चैत्र नवरात्रि पर कई शुभ योग भी बन रहा है. तो साल में दो बार नवरात्र आते हैं लेकिन दोनों ही नवरात्र का महत्व और पूजा विधि अलग-अलग है. इस बार यह भी कहा जा रहा है कि इस बार नवमी भी दो दिन मनेगी.

कलश स्थापाना का शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि 6 अप्रैल के दिन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को अभिजीत मुहूर्त में 6 बजकर 9 मिनट से लेकर 10 बजकर 19 मिनट के बीच स्थापना करना बेहद शुभ होगा.

जानें किस-किस दिन होगी कौन सी देवी की पूजा

पहला नवरात्र- 6 अप्रैल, स्थापना व मां शैलपुत्री पूजा, मां ब्रह्मचारिणी पूजा

दूसरा नवरात्र- 7 अप्रैल, मां चंद्रघंटा पूजा

तीसरा नवरात्र- 8 अप्रैल, मां कुष्मांडा पूजा

चौथा नवरात्र- 9 अप्रैल, मां स्कंदमाता पूजा

पांचवां नवरात्र- 10 अप्रैल, सरस्वती आह्वाहन

छठा नवरात्र- 11 अप्रैल, मां कात्यायनी पूजा

सातवां नवरात्र- 12 अप्रैल, मां कालरात्रि पूजा

आठवां नवरात्र- 13 अप्रैल, दुर्गा अष्टमी

नवमी- 14 अप्रैल, मां महागौरी पूजा, महानवमी

**चैत्र नवरात्रि का महत्व**

चैत्र नवरात्रि का महत्व बहुत ज्यादा है. यदि कोई भक्त चैत्र नवरात्रि में बिना किसी इच्छा के मां दुर्गा की पूजा व अर्चना करता हैं तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है. और उसका पूरा जीवन सुखमय व्यतीत होता है.


# इमरान ताहिर ने बताया, क्यों धोनी हैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर



नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ की. ताहिर ने धोनी को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि ज्यादा बात किए बिना भी उनके पास टीम का मनोबल बढ़ाने की क्षमता है. चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धोनी की 46 गेंद में नाबाद 75 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने 20 ओवर में 175 रन बनाने के बाद रविवार को राजस्थान रॉयल्स पर 8 रन की रोमांचक जीत दर्ज की. ताहिर ने कहा, 'वह जिस तरह से खुद के साथ पेश आते हैं वह अविश्वसनीय है. वह ज्यादा बात नहीं करते है लेकिन उन्हें पता होता है कि टीम का मनोबल कैसे बढ़ना है. वह शानदार कप्तान और महान इंसान है.'

दक्षिण अफ्रीका के इस स्पिनर ने कहा कि धोनी ने एक बार फिर साबित किया कि उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ फिनिशर क्यों माना जाता है. उन्होंने कहा, 'आप जानते है कि धोनी ऐसी परिस्थितियों में बहुत अच्छा खेलते हैं.

## पिस्ता खाने के फायदे जानिए



हम पिस्ते का इस्तेमाल ज्यादातर स्वीट डिश बनाने में करते हैं। इसे डालने पर स्वीट डिश में स्वाद आ जाता हैं। पिस्ता खाने बनाने के साथ-साथ आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। क्या आप जानते हैं पिस्ता खाने से दिमाग तेज होता है। कहते है 12 हफ्ते में अगर 25 ग्राम पिस्ता खा लिया जाएं तो इससे रक्त ग्लूकोज बढ़ता है।आपको बता दें कि पिस्ते में सेरोटीन पाया जाता है जो आपको डिप्रेशन से निकलने में मदद करता है। साथ ही पिस्ते में विटामिन बी की मात्रा पाई जाती है। इतना ही नहीं पिस्ते में फाइबर,प्रोटीन और हेल्दी फैट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए जरुरी है।

पिस्ता खाने से आपको क्या-क्या लाभ होता हैं।


पिस्ता आपके शरीर से मोटापा कम करता हैं। साथ ही इसके सेवन से आपकी स्किन में निखार और चमक आती हैं। क्योंकि इसमें कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते है। जो सेहत के लिए फायदेमंद है। पिस्ते का सेवन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी में भी बड़ा कारगर है।

इसका रोज सेवन करने से आपको कैंसर से छुटकारा मिलेगा। क्योंकि इसका सेवन एंटी ऑक्सीडेंट कोशिकाओं को नुकसान पहुँचने से रोकता है। इसलिए ये कैंसर के खतरे को कम कर देता है।

## शब्द सामर्थ्य-22

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 21 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू-22

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 21 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |